प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

सुश्री रितिका पांडे को फ्रांस में वॉलेन्टियर के रूप में चुना गया

पंतनगर। 06 जुलाई 2024। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय की सुश्री रितिका पांडे को फ्रांस सरकार से पूर्ण वित्तीय सहायता के साथ 7 माह के लिए फ्रांस वॉलेन्टियर के रूप में चुना गया है यह बात अन्तर्राष्ट्रीय मामलों के निदेशक डा. एच.जे. शिव प्रसाद ने बतायी। ऑक के गेर्स में स्थित स्थानीय सार्वजनिक कृषि शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (EPLEFPA) को जुलाई 2023 में हस्ताक्षरित 2047 क्षितिज भारत फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के तहत भारत और फ्रांस में फ्रांस वॉलेंटियर्स की सहायता प्राप्त हुई है। ऑक में स्थित EPLEFPA एवं DEFIAA कार्यक्रम में शामिल 12 संस्थानों के संघ का हिस्सा है, जो भारत में स्थित पन्तनगर विश्वविद्यालय के साथ काम कर रहे हैं। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा इस उपलब्धि के लिए उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी गयी।

1: सुश्री रितिका पांडे।

निदेशक संचार